## अणु प्रश्न

**प्रश्न 1.** पुरूषार्थ, परिश्रम और मेहनत से क्या होता है?

**प्रश्न** 2. प्रगति का शत्रु कौन होता है?

**प्रश्न** 3. कवि का परिचय कैसी जनता से हुआ?

**प्रश्न** 4. सफलता पाने के लिए जीवन में क्या करना पड़ता है?

**प्रश्न** 5. आह्वान कविता के लेखक कौन हैं?

**प्रश्न** 6. मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कब हुआ था?

**प्रश्न** 7. कवि का परिचय कैसी जनता से हुआ **था ?**

**प्रश्न** 8. कोई भी कार्य करने के लिए क्या करना पड़ता है?

**प्रश्न** 9. सभ्यता के विकास के दौर में भारत कैसा था?

**प्रश्न** 10. भाग्यवादी व्यक्ति कौन होते हैं?

**प्रश्न** 11. मैथिलीशरण गुप्त कैसे कवि हैं?

**प्रश्न** 12. हमें किसके भरोसे नहीं बैठना चाहिए ?

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. जो भाग्य के भरोसे रहता है उसे क्या कहते हैं?
   1. भाग्यहीन
   2. भाग्यवादी
   3. भाग्यशाली
   4. भाग्यवान
2. कवि ने किन्हें पौरूष का पाठ पढ़ने लिए कहा है?
   1. आलसी **लोगों** को
   2. भाग्य का विरोध करने वालों को
   3. आगे बढ़ने वालों को
   4. **ऊँचे** चढ़ रहे **लोगों** को

3. जो लोग कभी पीछे थे वे कैसे आगे बढ़ गए?
   1. भाग्य के सहारे
   2. ईश्वर की कृपा से
   3. साँचे में ढ़लकर
   4. कठिन परिश्रम करके

4. उपमेय कहा जाता है–

   1. जिसकी तुलना की जाए
   2. जिसका आरोप हो
   3. जिससे तुलना की जाए
   4. जो एकरूप हो

**लघु एवं दीर्घउत्तरीय प्रश्नः–**

**प्रश्न 1**. भाग्यवादी किसे कहते **हैं** ? क्या मनुष्य को भाग्य के सहारे ही आगे बढ़ना चाहिए ?

**प्रश्न 2.** पिछड़े देश और समाज भी हमसे आगे निकल गए, आपके विचार से इसका क्या कारण हो सकता है?

**प्रश्न 3.** 'पाठ पौरूष का पढ़ो'**-** कथन से कवि का क्या आशय है ?

**प्रश्न 4.** कवि देशवासियों का आह्वान कर उनसे क्या आशा करता है ?

**प्रश्न 5.** 'विविध सुमनों की एक माला' से क्या तात्पर्य है और यह उदाहरण क्यों दिया गया है

**प्रश्न 6.** कवि देशवासियों को क्या आत्मबोध कराना चाहता है ? क्या देश के प्रति हमारे भी कर्तव्य है उल्लेख कीजिए |

**प्रश्न 7**. देश के **विविध धर्मों** संप्रदायों के बीच पारस्परिक एकता का महत्व समझाइए

|

**प्रश्न 8.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उस पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

हिमालय के **आँगन** में उसे प्रथम किरणों का दे उपहार।

उषा ने **हँस** अभिनंदन किया और पहनाया **हीरक** हार।

जगे हम लगे जगाने विश्व, लोक में फैला फिर आलोक।

व्योम तम—**पूँज** हुआ सब नष्ट, अखिल **संस्कृति** हो उठी अशोक

**क.** भारत का अभिनंदन किसने और **कहाँ** किया?

**ख.** 'जगे हम' कथन में 'हम' कौन हैं?

**ग**. किस पंक्ति का आशय है कि भारत ने सारे संसार में ज्ञान का प्रकाश फैलाया।

**घ.** ज्ञान का प्रकाश फैलने से संसार पर क्या प्रभाव पड़ा?